हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
07 फ़रवरी 2025, समय 1810

- भारतीय रिजर्व बैंक ने अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत रेपो रेट घटाकर सवा छः प्रतिशत किया।

- हरियाणा के फरीदाबाद जिले में 38वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला शुरू हुआ।

- केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने यह मेला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत- श्रेष्ठ भारत के स्वप्न को साकार करने का काम कर रहा है।

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि सूरजकुण्ड मेला शिल्पकारों एवं हथकरघा कारीगरों के लिए अपना हुनर प्रदर्शित करने का बेहतरीन मंच है।

- स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने नीति आयोग से हरियाणा में स्वास्थ्य सुविधायें बढ़ाने के लिए विशेष योजना बनाने का अनुरोध किया।

- अमेरिका से निर्वासित होकर आये हरियाणा के लोगों से शिकायत मिलने पर एजेंटों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

***********************************************************************

भारतीय रिजर्व बैंक ने अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए करीब पांच वर्ष बाद नीतिगत रेपो रेट में 25 आधार अंकों की कमी की है और इसे साढ़े छह प्रतिशत से घटाकर सवा छह प्रतिशत कर दिया है। रेपो रेट वह ब्याज दर है जिस पर भारत में वाणिज्यिक बैंक रिजर्व बैंक से धन उधार लेते है।केंद्रीय बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने आज मुंबई में यह घोषणा की। इसके परिणामस्वरूप, स्थायी जमा सुविधा की दर 6 प्रतिशत और मार्जिनल स्थायी सुविधा दर तथा बैंक दर साढ़े 6 प्रतिशत रहेगी।श्री मल्होत्रा ने यह भी घोषणा की कि, बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव के लिए रिजर्व बैंक भारतीय बैंकों के लिए एक विशेष इंटरनेट डोमेन- 'बैंक डॉट आई एन' लागू करेगा।

*********************************************************************

हरियाणा के फरीदाबाद जिले में 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले का आज आगाज़ हो गया। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने `मेले का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा और विभिन्न विभागों के मंत्री मौजूद रहे। यह मेला 7 23 फरवरी तक चलेगा।मेले का उद्घाटन करते हुए केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने कहा कि आज दो बड़े ऐतिहासिक आयोजनों के माध्यम से भारत विश्व का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। एक ओर जहां, पिछले हजारों साल से भारत को एकता के स्वरूप सांस्कृतिक विरासत का अध्याय लिखने वाले व भारत को सामाजिक समरसता और एकता के सूत्र में बांधने वाले महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। वहीं, दूसरी ओर भारत की सांझी कलात्मक विरासत का प्रदर्शन करने वाले सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले का आज शुभारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि यह शिल्पकारों और दस्तकारों की पुरातन परंपरा को दर्शाने का बड़ा मंच है। उन्होंने कहा कि यह मेला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत-श्रेष्ठ भारत के स्वपन को चरितार्थ करने का काम कर रहा है।बाद में पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने कहा -

श्री शेखावत ने कहा कि भौगोलिक दृष्टि से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के पास होने से हरियाणा को बहुत बड़ा लाभ है और यहां माइस (मीटिंग, इंसेंटिव, कॉन्फ्रेंस, एग्जिबिशन्स) टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं। हरियाणा माइस टूरिज्म बहुत बड़ा केंद्र बन सकता है।

**********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कहा कि पिछले 37 वर्षों से शिल्पकारों और हथकरघा कारीगरों के लिए अपना हुनर प्रदर्शित करने का बेहतरीन मंच रहा है। सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह मेला परंपरा, विरासत और संस्कृति की त्रिवेणी है, जो भारत के ही नहीं, बल्कि दुनिया-भर के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा -

*सूरजकुंड और सूरजकुंड का यह अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला केवल हरियाणा की ही नहीं बल्कि पूरे देश की पहचान बन चुका है। यह मेला हमारी 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना को भी साकार*

*करता है और शिल्प के साथ साथ हमारी संस्कृति को भी दुनिया के सामने रखने का अवसर देता है।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश में शिल्पकला को बढ़ावा देने के लिए दस्तकारों और शिल्पकारों इसी तरह के अनेक मंच प्रदान कर रही है।हरियाणा के विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा राष्ट्रीय एकता और कला संस्कृति को समृद्ध बनाने पर ज़ोर देते हैं और सूरजकुंड का यह मेला भारत की विविधता में एकता को दर्शाने और प्रधानमंत्री के सपनों को पूरा करने की दिशा में शानदार उदाहरण है।

**********************************************************************

**********************************************************************

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि हरियाणा में चिकित्सा ढांचे को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। राज्य सरकार लोगों को उनके घर के नजदीक स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ करवाने का हर संभव प्रयास कर रही है।आज नई दिल्ली में नीति आयोग की समीक्षा बैठक में अपने विचार व्यक्त कर रही थी। कुमारी आरती सिंह राव ने इस अवसर पर हरियाणा में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने के लिए नीति आयोग से कोई विशेष योजना बनाने का अनुरोध किया। उन्होंने नीति आयोग में हरियाणा का मजबूती से पक्ष रखा और राज्य के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए केंद्र से आर्थिक सहयोग की अपेक्षा जताई।

**********************************************************************

अमेरिका से भारत के 104 लोगों को निर्वासित किया गया है, जिनमें 33 हरियाणा के रहने वाले हैं।करनाल के उप पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार ने कहा कि अभी अमेरिका से निर्वासित होकर हरियाणा के जो 33 लोग आए हैं उनमें 7 करनाल जिले के भी हैं, अगर उनकी कोई शिकायत किसी एजेंट के खिलाफ आती है तो तथ्यों को देखकर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी और लोगों का लूटा हुआ पैसा वापस दिलाया जाएगा।

उन्होंने लोगों से गलत तरीके से विदेश न जाने की अपील भी की।

उन्होंने बताया कि करनाल प्रशासन गैर कानूनी तरीके से विदेश भेजने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई कर रहा है।

**********************************************************************

केंद्र व प्रदेश सरकार ने सडक़ दुर्घटनाओं में होने वाली जन हानि को रोकने के लिए घायलों के लिए कैशलेस उपचार योजना लागू की है। इसका उद्देश्य पीड़ितों को समय पर और संवेदनशील तरीके से चिकित्सा सेवाएं देना है।इस योजना के तहत भिवानी पुलिस ने सडक़ दुर्घटनाओं में

घायल पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाने का काम शुरू कर दिया है। भिवानी के चौ. बंसीलाल नागरिक अस्पताल में पहुंचाए गए घायलों को इस योजना के तहत उपचार मिल रहा है।
कैशलेस उपचार योजना के नोडल अधिकारी डॉ. मनीष ने बताया---

उन्होंने आमजन से अपील की है कि उन्हें अगर सडक़ दुर्घटना की जानकारी मिले तो तुरंत डायल 112 पर सूचित करे, ताकि दुर्घटना में घायल होने वालों की जान बचाई जा सके।
*************************************************************************
परीक्षा पे चर्चा का आठवां संस्करण एक नए प्रारूप में इस महीने की दस तारीख को नई दिल्ली में आयोजित किया जायेगा।केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि कार्यक्रम के नए प्रारूप में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व विद्यार्थियों के साथ बातचीत कर अपने अनुभव तथा ज्ञान साझा करेंगे। कार्यक्रम में प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के विभिन्न स्कूलों से से 36 विद्यार्थियों का चयन किया गया है।परीक्षा पे चर्चा की शुरुआत में प्रधानमंत्री विद्यार्थियों के साथ बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन, स्वयं, स्वयं प्रभा, प्रधानमंत्री कार्यालय के यूट्यूब चैनल और शिक्षा तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालयों के सोशल मीडिया चैनलों पर किया जायेगा।इस कार्यक्रम के लिए एक ऑनलाइन प्रतिस्पर्धा के जरिये छह से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों का चयन किया जायेगा। इस वर्ष भागीदारी के लिए मंत्रालय को विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के साढे तीन करोड़ से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं।